आईआईएम के छात्रों ने व्यापार का तरीका सीखा

रेडिक्स 6.0

रांची | प्रमुख संवाददाता

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) का वार्षिक व्यापार सम्मेलन रेडिक्स 6.0 रविवार को सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में हुआ। सम्मेलन के इस वर्ष का विषय एक चींटी के भविष्य उन्मुख दृष्टिकोण और कभी साथ न छोड़ने वाली प्रवृत्ति से प्रेरित होते हुए- द एंट फिलॉसफी रखा गया था।

सम्मेलन में शामिल व्यापार जगत के दिग्गजों ने प्रबंधन के छात्रों को व्यापार की व्यावहारिक दिक्कतों और उनसे निपटने का कौशल सिखाया। छात्र-छात्राओं के साथ एक संवाद सत्र भी हुआ, जिसमें छात्रों को व्यापार जगत दिग्गजों से विषय विशेष पर विभिन्न दृष्टिकोणों की जानकारी मिली। व्यापार जगत के लिए दूरदर्शिता, टीमवर्क और व्यवधान के लिए तैयार रहना, जैसे गुरुमंत्र प्रबंधन के विद्यार्थियों को दिए गए।

सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में आयोजित रेडिक्स 6.0 में आईआईएम के विद्यार्थी।

व्यापार जगत के दिग्गज परिचर्चा में शामिल हुए

सम्मेलन के दौरान आयोजित परिचर्चा में वक्ता के रूप में नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड के निदेशक (उत्पादन) वी बालासुब्रमण्यम, केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य सूचना अधिकारी सौरभ गुप्ता, टाटा मोटर्स के सीनियर जीएम मानस मिश्रा, रिलायंस जियो में उपाध्यक्ष एचआर हरजीत खंडूजा, गार्टनर के ग्लोबल प्रमुख अरिंदम मुखोपाध्याय, पीपुल्स स्ट्रॉन्ग में एसोसिएट उपाध्यक्ष अमित जैन, गोल्डमैन के रिस्क वेलिडेशन के ग्लोबल हेड राहुल सिंघावन, पार्क होटल्स की कॉरपोरेट डायरेक्टर- कम्यूनिकेशन एंड पीआर रुचिका मेहता, शामिल थीं।

Hindustan, 25.11.2019, Pg. 2(supli.)